उत्तर प्रदेश शासन

समाज कल्याण अनुभाग-3

संख्या-5/2018/142/26-3-2018-10(01)/2017

लखनऊ दिनांकः 12 जनवरी 2018

आदेश/शुद्धि पत्र

वित्तीय वर्ष 2017-18 में अनुदान संख्या-83 के अन्तर्गत अतिपिछडे अनुसूचित जाति समूह बाहुल्य ग्रामों के सर्वांगीण विकास हेतु संचालित एकीकृत विकास योजनान्तर्गत जनपदबलरामपुर के विकासखण्ड-रेहरा बाजार व गेण्डास बुर्जुग के विभिन्न 14 ग्रामों में लेपन, इन्टरलाकिंग व नाली निर्माण आदि कार्यो की परियोजनाओं की कुल लागत रूपया-4025.472 लाख के सापेक्ष 50 प्रतिशत धनराशि रू0-2012.73 लाख की वित्तीय स्वीकृति शासनादेश संख्या-189/2017/3377/26-3-2017-48(विविध), दिनांक-29.12.2017 द्वारा जारी की गयी थी।

2- उक्त शासनादेश दिनांक-29.12.2017 में अंकित प्रस्तर-1(1) को एतदद्वारा निम्नवत् संशोधित/प्रतिस्थापित पढ़ा एवं समझा जायः-

"प्रश्नगत जनपद-बलरामपुर की स्वीकृत परियोजनाओं के कार्यो हेतु कार्यदायी संस्था यू0पी0 स्टेट कान्स्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लि0 लखनऊ को नामित किया जाता है। कार्यदायी संस्था द्वारा अधिष्ठान व्यय सुसंगत नियमानुसार लोक निर्माण विभाग के समान निर्धारित किया जायेगा। निदेशक, समाज कल्याण द्वारा कार्यदायी संस्था के साथ शीघ्र एम0ओ0यू0 निष्पादित कराकर, कोषागार से धनराशि आहरित कर कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करायी जायेगी।''

3- उक्त शासनादेश संख्या-189/2017/3377/26-3-2017-48(विविध)/2017, दिनांक-29.12.2017 को इस सीमा तक संशोधित समझा/पढ़ा जाय एवं शासनादेश की अन्य शर्ते व प्रतिबन्ध पूर्ववत् रहेंगे।

रवि शंकर मिश्र

अनु सचिव।

पृ0संख्या-05/2018/142/(1)/26-3-2018 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1.महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी/लेखापरीक्षा)प्रथम उ0प्र0, इलाहाबाद।

2.अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव,/सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग (अनुश्रवण प्रकोष्ठ), उ0प्र0शासन।

3.जिलाधिकारी/मुख्य कोषाधिकारी, बलरामपुर।

4.निदेशक, स्थानीय निधि लेखापरीक्षा विभाग, उ0प्र0इलाहाबाद।

5.मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, उ0प्र0 लखनऊ।

6.निदेशक/वित्त नियंत्रक, समाज कल्याण निदेशालय, उ0प्र0लखनऊ।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

7.वित्त नियंत्रक/मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी,उ0प्र0सभी के लिये शिक्षा परियोजना परिषद, विद्या भवन, निशातगंज, लखनऊ।

8.प्रबन्ध निदेशक, यू0पी0 स्टेट कान्स्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लि0 को शासनादेश दिनांक-29.12.2017 की प्रति सहित।

9.प्रबन्ध निदेशक/अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0 लखनऊ।

10.जिला समाज कल्याण अधिकारी, बलरामपुर।

11.वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1

12.समाज कल्याण (बजट प्रकोष्ठ)/कल्याण नियोजन प्रकोष्ठ।

12.गार्डफाइल।

आज्ञा से,

रवि शंकर मिश्र
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।